मो. शम्स का चयन पैरा स्वीमिंग चैंपियनशिप के लिये

चर्चा में क्यों?

21 फरवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के मधुबनी ज़िले के पैरा स्वीमर मो. शम्स आलम का चयन पैरा स्वीमिंग वर्ल्ड सीरीज़ चैंपियनशिप के लिये किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इंग्लैंड के शेफील्ड में 16 से 19 मार्च, 2023 तक आयोजित होने वाली पैरा स्वीमिंग चैंपियनशिप के लिये भारतीय पैरा स्वीमिंग टीम में पैरा स्वीमर मो. शम्स आलम का चयन किया गया है।
- गौरतलब है कि 11-13 नवंबर, 2022 को गुवाहटी के डॉ. जाकिर हुसैन जलीय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा स्वीमिंग चैंपियनशिप में मो. शम्स आलम दो स्वर्ण और एक काँस्य पदक जीत चुके हैं।
- मो. शम्स आलम जून 2022 में पैरा स्वीमिंग चैंपियनशिप में 4 मिनट, 39.71 सेकेंड में 200 मीटर की दौड़ पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए छठे स्थान पर रहे थे।
- इन्हें वर्ष 2021 में नेशनल बेस्ट स्पोर्ट्स परसन अवॉर्ड भी मिल चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mo-shams-selected-for-para-swimming-championship